**साहित्य अकादेमी**
रवीन्द्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग
नई दिल्ली 110 001

**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**

दूरभाष : 23386623, 23387064
फैक्स : 23382428

सा.अ./61/14/सा.अ.पु./प्रे.वि./

19 दिसंबर 2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2014 घोषित**

नई दिल्ली, 19 दिसंबर 2014; साहित्य अकादेमी ने आज 22 भाषाओं में अपने वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार की घोषणा की। आठ कविता-संग्रह, पाँच उपन्यास, तीन निबंध-संग्रह, तीन कहानी-संग्रह, एक आत्मकथा, एक नाटक, एक समालोचना के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार घोषित किए गए। हिन्दी के लिए यह पुरस्कार वरिष्ठ कथाकार, कवि, निबंधकार और चिंतक डॉ. रमेशचन्द्र शाह को देने की घोषणा की गई है। शाह जी की 75 से अधिक कृतियाँ प्रकाशित हैं।

अपने कविता-संग्रहों के लिए पुरस्कृत 8 कवि हैं : उत्पल कुमार बसु (बाङ्ला), उर्खाव गोरा ब्रह्म (बोडो), आदिल जस्सावाला (अंग्रेज़ी), शाद रमज़ान (कश्मीरी), गोपालकृष्ण रथ (ओड़िया), जसविन्दर (पंजाबी), गोपे कमल (सिन्धी) और मुनव्वर राना (उर्दू)।

शैलेन्द्र सिंह (डोगरी), रमेशचन्द्र शाह (हिन्दी), आशा मिश्र (मैथिली), सुभाष चन्द्रन (मलयाळम्) और पूमणि (तमिळ) को उनके उपन्यास हेतु पुरस्कृत किया गया।

(स्व.) अश्विन महेता (गुजराती), जी.एच. नायक (कन्नड) और माधवी सरदेसाय (कोंकणी) को उनके निबंध-संग्रह के लिए पुरस्कृत किया गया।

अरूपा पतंगीया कलिता (असमिया), नन्द हाङखिम (नेपाली) और रामपाल सिंह राजपुरोहित (राजस्थानी) को उनके कहानी-संग्रहों के लिए और जयंत विष्णु नारळीकर (मराठी) को आत्मकथा, राचपालेम चन्द्रशेखर रेड्डी (तेलुगु) को उनके समालोचना के लिए और जमादार किस्कू (संताली) को उनके नाटक के लिए पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कारों की अनुशंसा 22 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों द्वारा की गई तथा साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया।

इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। नियमानुसार कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों के बहुमत के आधार पर अथवा सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तकों के लिए आज पुरस्कारों की घोषणा की है। पुरस्कार 1 जनवरी 2010 से 31 दिसम्बर 2012 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिया गया है।

साहित्य अकादेमी पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। घोषित पुरस्कार 9 मार्च 2015 को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में दिए जाएँगे।

**(के. श्रीनिवासराव)**

**संलग्नक** : पुरस्कार के लिए चुने गए रचनाकारों की सूची 'क'
निर्णायक मंडल के सदस्यों की सूची 'ख'

**प्रकाशन/प्रसारण हेतु जारी**

सूची ‘क’

# साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2014

| भाषा | शीर्षक एवं विधा | रचनाकार |
|---|---|---|
| असमिया | **मरियम आस्टिन अथबा हीरा बरुआ** (कहानी) | अरूपा पतंगीया कलिता |
| बाङ्ला | **पिया मन भावे** (कविता) | उत्पल कुमार बसु |
| बोडो | **उदांनिफ्राय गिदिंफिन्नानै** (कविता) | उर्खाव गोरा ब्रह्म |
| डोगरी | **हाशिये पर** (उपन्यास) | शैलेन्द्र सिंह |
| अंग्रेज़ी | **ट्राईंग टू से गुडबाइ** (कविता) | आदिल जस्सावाला |
| गुजराती | **छबि भीतरनी** (निबंध) | (स्व.) अश्विन महेता |
| हिन्दी | **विनायक** (उपन्यास) | रमेशचन्द्र शाह |
| कन्नड | **उत्तरार्द्ध** (निबंध) | जी.एच. नायक |
| कश्मीरी | **कोरे काकुद पुशरिथ गोने** (कविता) | शाद रमज़ान |
| कोंकणी | **मंथन** (निबंध-संग्रह) | माधवी सरदेसाय |
| मैथिली | **उचाट** (उपन्यास) | आशा मिश्र |
| मलयाळम् | **मनुश्यानु ओरु आमुखम** (उपन्यास) | सुभाष चन्द्रन |
| मराठी | **चार नगरातले माझे विश्व** (आत्मकथा) | जयंत विष्णु नारळीकर |
| नेपाली | **सत्ता ग्रहण** (कहानी) | नन्द हाङखिम |
| ओड़िया | **बिपुल दिगन्त** (कविता) | गोपालकृष्ण रथ |
| पंजाबी | **अगरबत्ती** (ग़ज़ल) | जसविन्दर |
| राजस्थानी | **सुन्दर नैण सुधा** (कहानी) | रामपाल सिंह राजपुरोहित |
| संताली | **माला मुदम** (नाटक) | जमादार किस्कू |
| सिन्धी | **सिजा अझान बुकु** (कविता) | गोपे कमल |
| तमिळ | **अंजाडि** (उपन्यास) | पूमणि |
| तेलुगु | **मना नवलालु -- मना कथानिकलु** (समालोचना) | राचपालेम चन्द्रशेखर रेड्डी |
| उर्दू | **शाहदाबा** (कविता) | मुनव्वर राना |

---

मणिपुरी और संस्कृत में पुरस्कार बाद में घोषित किए जायेंगे।

सूची 'ख'

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2014 के लिए चयन समिति के सदस्यों की सूची

**असमिया**
1. श्री इस्माइल हुसैन
2. श्री येशे दोरजी थोंगची
3. प्रो. सैलेन भराली

**बाङ्ला**
1. श्री अमिया देव
2. प्रो. अरुण कुमार बसु
3. प्रो. सौरीन भट्टाचार्य

**बोडो**
1. श्री अरबिन्दो उजीर
2. श्री उथरीसर खुनगुर बसुमतारी
3. श्री गोविन्द बसुमतारी

**डोगरी**
1. प्रो.अर्चना केसर
2. प्रो. नीलाम्बर देव शर्मा
3. डॉ. सुषमा रानी

**अंग्रेज़ी**
1. डॉ. आलोक भल्ला
2. प्रो. गणेश देवी
3. प्रो. संयुक्ता दासगुप्ता

**गुजराती**
1. श्री चन्द्रकान्त टोपीवाला
2. श्री दिलीप झावेरी
3. डॉ. प्रसाद ब्रह्मभट्ट

**हिन्दी**
1. डॉ. नन्दकिशोर आचार्य
2. सुश्री नासिरा शर्मा
3. श्री रघुवीर चौधरी

**कन्नड**
1. डॉ. बी.ए. विवेक राय
2. डॉ. प्रधान गुरुदत्त
3. डॉ. वीरन्ना डाण्डे

**कश्मीरी**
1. प्रो. बशर बशीर
2. श्री गुलाम नबी गौहर
3. डॉ. रूपकृष्ण भट्ट

**कोंकणी**
1. श्री दामोदर माउजो
2. श्री आर.एस. भास्कर
3. श्री उदय एल. भेम्ब्रे

**मैथिली**
1. डॉ. देवकान्त झा
2. डॉ. सुरेश्वर झा
3. डॉ. शेफालिका वर्मा

**मलयाळम्**
1. प्रो. चन्द्रमती
2. श्री के. जयकुमार
3. प्रो. सारा जोसेफ़

**मराठी**
1. प्रो. आर.आर. बोराडे
2. श्री वसन्त आबाजी डहाके
3. श्रीमती विजयाराजाध्यक्ष

**नेपाली**
1. श्री शंकर देव ढकाल
2. श्री दुर्गाप्रसाद श्रेष्ठ
3. डॉ. जीवन नामदुंग

**ओड़िया**
1. डॉ. आदिकंडा साहू
2. डॉ. प्रतिभा राय
3. श्री राजेन्द्र किशोर पंडा

**पंजाबी**
1. डॉ. आतमजीत
2. प्रो. सतिन्दर सिंह
3. डॉ. वनीता

**राजस्थानी**
1. प्रो. भंवर सिंह सामौर
2. श्री मोहन आलोक
3. डॉ. शक्तिदान कविया

**संताली**
1. श्री अर्जुन चरण हेम्ब्रम
2. श्री पूर्ण चन्द्र हेम्ब्रम
3. श्री रूपचंद हांसदा

**सिन्धी**
1. श्री मोहन गेहानी
2. प्रो. हीरो शेवकानी
3. श्री वासुदेव निर्मल

**तमिळ**
1. डॉ. इरोड तमिलांबन
2. सुश्री शिवशंकरी
3. श्री पुवियारसु

**तेलुगु**
1. श्री अम्पासय्या नवीन
2. डॉ. केतु विश्वनाथ रेड्डी
3. श्री शशिश्री

**उर्दू**
1. श्री मो. इदरीस अंबर बहराइची
2. श्री खलील मामून
3. श्री शीन काफ़ निज़ाम